## भूगोल :– समकालीन भारत–1

## कक्षा– नौवीं

## अध्याय–1, भारत–आकार और स्थिति

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. कर्क रेखा या $23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश रेखा देश को दो बराबर भागों में बाँटती है।
2. भारत का अक्षांशीय विस्तार $8^0 4'$ उत्तर से $37^0 6'$ उत्तर अक्षांश तक है।
3. भारत का देशान्तरीय विस्तार $68^0 7'$ पूर्व से $97^0 25'$ पूर्व देशान्तर तक है।
4. भारत का कुल क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग कि.मी. है।
5. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व का सातवाँ बड़ा देश है।
6. भारत में 29 राज्य और 7 केन्द्र शासित प्रदेश हैं।
7. $82\frac{1}{2}^0$ पूर्वी देशान्तर रेखा को भारत की मानक याम्योत्तर माना गया है।
8. भारत में क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है और सबसे छोटा राज्य गोवा है।
9. भारत की उत्तर (कश्मीर) से दक्षिण (कन्याकुमारी) तक लम्बाई 3214 कि.मी. है और पश्चिम (गुजरात) से पूरब (अरूणाचल प्रदेश) तक चौड़ाई 2933 कि.मी. है।
10. कर्क रेखा गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों से होकर गुजरती है।
11. भारत और श्रीलंका के बीच खाड़ी को मन्नार की खाड़ी कहते है।
12. श्रीलंका तथा मालद्वीप दक्षिण में हमारे द्वीप राष्ट्र हैं।
13. स्वेज नहर के निर्माण के कारण यूरोप से भारत की समुद्री दूरी 7000 कि.मी. कम हो गई है।

## 1 अंक वाले प्रश्न

1. कौन सा अक्षांश वृत्त भारत को दो बराबर भागों में विभक्त करता है?
2. भारत का सबसे पूर्वी देशान्तर कौन–सा है?
3. भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जल–सन्धि का क्या नाम है?
4. आप यदि कवरत्ती जाना चाहते हैं तो किस केन्द्र शासित प्रदेश में जायेंगे?
5. भारत का अक्षांशीय विस्तार क्या है?
6. भारत के स्थल भाग का कुल क्षेत्रफल है?
7. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान हैं?
8. भारत की मानक याम्योत्तर देशान्तर रेखा कौन सी है?
9. विश्व के भौगोलिक क्षेत्रफल का कुल कितने प्रतिशत भारत के पास है?
10. भारत की स्थल सीमा रेखा कितनी है?
11. अरब सागर में स्थित द्वीप समूहों को किस नाम से जाना जाता है?
12. बंगाल की खाड़ी में कौन से द्वीप समूह स्थित हैं?
13. भारत की याम्योत्तर देशान्तर रेखा किस स्थान से होकर गुजरती है?
14. बांग्लादेश की सीमा से जुड़ें किन्हीं दो राज्यों के नाम लिखिये।
15. स्वेज नहर किन दो सागरों को जोड़ती है।
16. भारत के पूर्व दिशा में स्थित दो पड़ोसी देशों के नाम लिखें।
17. भारत के ऐसे दो राज्यों के नाम लिखें जिनकी न तो अंतराष्ट्रीय सीमा है और न ही तटीय सीमा।
18. सबसे लंबी तट रेखा वाला राज्य कौन–सा है?
19. भारत का कौन सा राज्य तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा है?

## 3/5 अंको वाले प्रश्न

1. उन देशों के नाम बताइये जो क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं?
2. भारत के किन–किन राज्यों से कर्क रेखा गुजरती है? नाम बताइये?
3. भारत की तट रेखा कितनी लंबी है? इसके दो लाभो का उल्लेख कीजिये?

4. अरूणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग तथा गुजरात के पश्चिमी भाग के मध्य सूर्योदय में दो घंटो का अंतर क्यों है?
5. भारत को मानक समय की आवश्यकता क्यों पड़ती है?
6. भारत के विभिन्न देशों से संपर्क के कारण किन चीजों का आदान–प्रदान हुआ? उल्लेख करो।
7. भारत के पड़ोसी राष्ट्रों के नाम दिशाओं के अनुसार लिखिये?
8. हिन्द महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति का इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त होता है?

## उत्तरमाला

## 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. $23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश या कर्क रेखा
2. $97^o25'$ पूर्वी देशान्तर
3. पाक जल–सन्धि
4. लक्षद्वीप
5. $8^o4'$ उत्तर से $37^o6'$ उत्तर अक्षांश के मध्य
6. 32.8 लाख वर्ग कि.मी.
7. सातवाँ
8. $82\frac{1}{2}^0$ पूर्वी देशान्तर
9. 2.4 प्रतिशत
10. 15200 कि.मी.
11. लक्षद्वीप समूह
12. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
13. उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर से।
14. पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेद्यालय, त्रिपुरा (कोइ दो)।
15. भूमध्य सामगर और लाल सागर
16. बांग्लादेश, म्यांमार
17. हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड (कोई दो)।

18. गुजरात।

19. त्रिपुरा।

## 3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. i) रुस

   ii) कनाडा

   iii) संयुक्त राज्य अमेरिका

   iv) चीन

   v) ब्राजील

   vi) आस्ट्रेलिया

2. कर्क रेखा गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम से होकर गुजरती है।

3. भारत की तट रेखा की लंबाई 7516.6 कि.मी. है।

   i) बहुत से महत्वपूर्ण बंदरगाहो को स्थापित करने में मदद मिलती है। ये बंदरगाह भारत के लिये विदेशी व्यापार द्वार हैं।

   ii) मत्स्य उद्योग को विकसित करने में सहायक बनी है। इस उद्योग में हजारों मछुआरों को रोजगार मिलता है।

4. i) भारत का पूर्वी देशान्तर $97^{\circ}25'$ पूर्व है जबकि पश्चिमी भाग का देशान्तर $68^{\circ}7'$ पूर्व है। इस प्रकार यह विस्तार $30^{\circ}$ के लगभग है।

   ii) एक डिग्री देशान्तर को पार करने में सूर्य 4 मिनट का समय लेता है।

   iii) इस प्रकार $4 \times 30 = 120$ मिनट अर्थात् 2 घंटे हुए।

5. i) भारत के पूर्वी तथा पश्चिमी छोर के मध्य $30^{\circ}$ देशान्तरों का अन्तर है।

   ii) यह अन्तर समय के अनुसार लगभग 2 घंटों के बराबर है।

   iii) समूचे देश को व्यवस्थित रखने के लिये एक समय की आवश्यकता पड़ती है। अतः $82^{\circ}30'$ पूर्वी देशान्तर को भारत का मानक समय मान लिया गया है।

6. भारत से विभिन्न देशों में जाने वाली वस्तुऐं तथा विचार

   i) उपनिषदों के विचार, रामायण तथा पंचतंत्र की कहानियाँ

ii) भारतीय अंक एवं दशमलव प्रणाली

iii) मसाले, मलमल आदि।

विभिन्न देशों से भारत में आने वाली चीजें :–

i) यूनानी स्थापत्य कला भारत में आई।

ii) पश्चिमी एशिया से वास्तुकला के प्रतीक मीनारों तथा गुंबदो का विचार भारत में आया।

7. i) उत्तर पश्चिम दिशा में भारत के पड़ोसी देश (क) पाकिस्तान (ख) अफगानिस्तान।

ii) उत्तर दिशा में भारत के पड़ोसी देश (क) चीन (तिब्बत) (ख) नेपाल (ग) भूटान

iii) पूर्व दिशा में भारत के पड़ोसी देश (क) म्यांमार (ख) बांग्लादेश

iv) दक्षिण में भारत के पड़ोसी देश (द्वीपीय) (क) श्रीलंका (ख) मालद्वीप

8. i) हिन्द महासागर में कोई भी देश ऐसा नहीं है, जिसकी तट रेखा इतनी लंबी नहीं है।

ii) समुद्री मार्ग से यूरोप, पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और अफ्रीका के राष्ट्र व्यापार करने के लिये भारत से होकर गुजरते है। जिसका लाभ भारत को होता है।

iii) इन सभी लाभों से भारत से जुड़ा होने के कारण भारत के नाम पर ही महासागर का नाम हिन्द महासागर रखा गया।

## भारत – विस्तार एवं मानक रेखा

